महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में

02 अक्टूबर, 2021

ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्थान: दादूपुर, सरोजनी नगर ब्लॉक, लखनऊ

संरक्षक

प्रो. संजय सिंह

माननीय कुलपति बीबीएयू

नोडल अधिकारी

प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा

संयोजक

प्रो. शिल्पी वर्मा

आयोजन सचिव

(कैप्टन) डॉ. राज श्री

आयोजन कर्ता

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ

कार्यक्रम विवरण

समय	विवरण
11:00 पूर्वाह्न - 11:10 पूर्वाह्न	आत्मरक्षा कार्यक्रम
11:10 पूर्वाह्न - 11:20 पूर्वाह्न	वृक्षारोपण
11:20 पूर्वाह्न - 11:30 पूर्वाह्न	वृत्तचित्र- आजादी का अमृत महोत्सव
11:30 पूर्वाह्न - 11:40 पूर्वाह्न	महिला सशक्तिकरण मुद्दों/प्रावधानों पर चर्चा
11:40 पूर्वाह्न - 11:50 पूर्वाह्न	प्लास्टिक उपयोग के प्रतिबंध पर नुक्कड़ नाटक/ जागरूकता
11:50 पूर्वाह्न - 11:58 पूर्वाह्न	प्रोफेसर संजय सिंह, कुलपति, बीबीए विश्वविद्यालय द्वारा अध्यक्षीय भाषण
11:58 पूर्वाह्न - दोपहर 12	धन्यवाद ज्ञापन
दोपहर 12-12:15 अपराह्न	चाय
12:15 अपराह्न - 01:30 अपराह्न	• डिजिटल साक्षरता और पौष्टिक तिरंगा पापड़ बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम • महिला ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के बारे में जानकारी • गोद लिए गए गांवों में तालाबों का संरक्षण • गोद लिए गए गांवों के हैंडपंपों का रखरखाव • स्वास्थ्य शिविर • बच्चों के लिए कहानी सुनाना और जोर से पढ़ना (Storytelling and read aloud for children)

रिपोर्ट

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत, गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में बी बी ए यू के कुलपति आचार्य संजय सिंह के संरक्षण में, उन्नत भारत अभियान समिति, 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी, 67 यू पी बटालियन एन सी सी, जेंडर चैंपियन समिति और आजादी का अमृत महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय दादूपुर गांव में ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो संजय सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अपने विचारों में कहा कि गांव के विकास से ही देश की समृद्धि जुड़ी है इसलिए बी बी ए यू द्वारा गोद लिए गए पांच गांव में सबसे पहले दादूपुर गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा और इस गांव के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों और बीबीएयू दोनों के बीच संपूर्ण भागीदारी रहनी चाहिए। उन्होंने डॉ रवि शंकर वर्मा और समीर कुमार दीक्षित के साथ मिलकर गांव के मुखिया गया प्रसाद और किसानों को नीम, आम, बरगद,आंवला, तुलसी आदि के पचास पौधे भेंट किए।

कार्यक्रम सचिव, कैप्टन (डॉ0) राजश्री ने सभी उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए कार्यक्रम की सार्थकता के बारे में अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया गया जिसे प्रशिक्षक श्री आलोक की देख रेख में सुश्री मीनाक्षी शर्मा ने, श्री सूर्यांश के साथ मिलकर 6 परिस्थितियां और उसमें आत्मरक्षा की तकनीकों का प्रदर्शन किया ।

उन्नत भारत अभियान समिति के नोडल ऑफिसर प्रो नवीन कुमार अरोड़ा ने दूषित पानी से होने वाली समस्याओं पर सबका ध्यान आकर्षित किया और दादूपुर गांव के विकास के लिए उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत, आगे की होने वाली गतिविधियों जैसे पानी, संरक्षण, जैविक खेती, कौशल विकास आदि के बारे में रूप रेखा रखी।उनकी टीम ने गांव के विभिन्न हैंडपंपों, नलकूपों, नहर इत्यादि से पानी का नमूना लिया है जिससे पानी की सही गुणवत्ता का पता चल सके।

जेंडर चैंपियंस समिति और आजादी का अमृत महोत्सव समिति की अध्यक्षा प्रो शिल्पी वर्मा ने महिलाओं के सशक्ति करण पर अपनी बात रखी उन्होंने विश्वविद्यालय जेंडर चैंपियंस अनुराग शर्मा और हिमांशी सिंह के साथ ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा चक्र में विभिन्न सहायता फोन नंबर के बारे में विस्तार से बताया।

प्रो यू वी किरण ने मासिक धर्म में महिलाओं को होने वाली समस्याओं के बारे में बात की और इस दौरान सभी महिलाओं को साफ सफाई से रहने के लिए प्रेरित किया।

डॉ नीतू सिंह ने उपस्थित जन समूह को तिरंगा पापड़ बनाना सिखाया और बताया कि किस तरह से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्म निर्भर हो सकती हैं।

कार्यक्रम में एन सी सी के कैडेटों में कोमल वर्मा, अंकिता शर्मा, कीर्ति राय, हर्षिता सिंह, कोमल वर्मा , हर्ष कुमार यादव, अभिषेक बाजपेई, हिमांशु शर्मा ने प्लास्टिक निषेध पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर प्लास्टिक की जगह कागज और कपड़े के थैले उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया।

विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को सुना और चिकित्सीय परामर्श दिया और बताया कि किस तरह से सभी को स्वस्थ जीवन जीना चाहिए।

कार्यक्रम में सुमित रानी कल्याण समिति की तरफ उपस्थित श्रीमती अर्चना शर्मा ने महिलाओं और बेटियों को कैसे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बने, इसके बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत में दादूपुर महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई के लिए प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से सेनेटरी पैड्स, प्लास्टिक निषेध के लिए कपड़ों से बने थैले और बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किए।

कार्यक्रम में सुमित रानी कल्याण समिति की तरफ से श्री अतुल बाजपेई, विश्वविद्यालय की तरफ से लेफ्टिनेंट (डॉ0) मनोज डडवाल और दादूपुर गांव से ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शालिनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

<u>कार्यक्रम की कुछ झलकियां:</u>












ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
मासिक धर्म स्वच्छता एवं महिलाओं का स्वास्थ्य






ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम


ग्रामीणों हेतु कौशल




BUT
CUT
GUN
HUT
JUT
NUT
PUT




ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम


स्वच्छ स्कूल
सुन्दर स्कूल
ग्रामीणों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम


स्वच्छ स्कूल
सुन्दर स्कूल


स्वच्छ स्कूल
सुन्दर स्कूल

मीडिया कवरेज

NBT (03/10/21)

बीबीएयू : चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान, लगाए पौधे

विवि की ओर से गोद लिए गए गांव दादूपुर, सरोजनीनगर में विशेष कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने गांव का दौरा भी किया। वहीं, एनसीसी कैडेट्स ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने पर आधारित नुक्कड़ नाटक पेश किया। गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए गांव के लोगों को कपड़े के बैग बांटे गए। साथ ही पौधरोपण भी किया गया। डॉ. आरएस वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों को लगभग 50 से ज्यादा पौधे भी बांटे गए।

हिन्दुस्तान (03/10/21)

शैक्षिक संस्थान

एकैटीयू : कुलपति प्रो. विनीत कंसल के निर्देशन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रो. कंसल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्य हम सभी के लिए प्रेरणा हैं।

बीबीएयू : विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विवि द्वारा गोद लिए गए गांव दादूपुर, सरोजनी नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

नेशनल पीजी : शिक्षकों व छात्रों ने राणा प्रताप मार्ग पर एक जागरूकता रैली निकाली जिसमें पर्यावरण की रक्षा एवं पालीथिन मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

कालीचरण पीजी : हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनोज ने गांधी के जीवन मूल्यों एवं योगदान को याद किया।

नगर निगम : छतर मंजिल में चित्रकला प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

जागरण सिटी (04/10/21)

कुलपति ने बांटे कपड़े के थैले

लखनऊ : विश्व प्रकृति दिवस के उपलक्ष्य में आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव दादूपुर में पौधारोपण के साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय सिंह ने कपड़े के बैग भी बांटे। (जासं)

List of Participants during Celebration of 152nd Birth Anniversary of Mahatma Gandhi 02nd October, 2021

Ser No.	Cadets Name
1.	Anjali Pandey
2.	Ankita Sharma
3.	Ankita Singh
4.	Aparna Bajpai
5.	Archana Kumari
6.	Archana Pal
7.	Aryaa Singh
8.	Astha Mishra
9.	Diksha Prajapati
10.	Divya Sharma
11.	Diya Singh
12.	Harshita Gautam
13.	Harshita Singh
14.	Jyoti Dixit
15.	Kajal Saroj
16.	Kirti Yadav
17.	Komal Verma
18.	Komal Verma
19.	Kritika Tripathi
20.	Mani Verma
21.	Mausmi Devi
22.	Meera Kumari
23.	Nandini Tripathi
24.	Neha Sahani
25.	Pooja Pal
26.	Prashansa Devi
27.	Rani Giri
28.	Rashmi Mishra
29.	Ritu Pandey
30.	Riya Dwivedi
31.	Riya Singh
32.	Seema Verma
33.	Shalini
34.	Shivani Gupta
35.	Sobha Singh
36.	Shraddha Jaiswal
37.	Shweta Singh
38.	Srishti Mishra

Prof. Naveen K. Arora
प्रो० नवीन कुमार अरोड़ा
Nodal Officer, UBA 2.0
नोडल अधिकारी, यू०बी०ए० 2.0
BBA University, Lucknow
बी०बी०ए० विश्वविद्यालय, लखनऊ

39.	Syed Mehrus
40.	Taruna Singh
41.	Upalabdhi Pal
42.	Sahashrabdi Singh
43.	Meher Chauhan
44.	Aaruni
45.	Ankita Kumari
46.	Anupriya
47.	Anshupriya Yadav
48.	Anupriya Gautam
49.	Archana
50.	Mansi Srivastavaa
51.	Diksha Singh
52.	Durgesh Mishra
53.	Jahnvi Pandey
54.	Kanika Tiwari
55.	Kirti Priya Singh
56.	Mahima Shukla
57.	Nimisha Srivastava
58.	Pooja Gautam
59.	Pooja Srivastava
60.	Priyanka Pandey
61.	Saloni Singh
62.	Shalini Tiwari
63.	Shatakshi Tiwari
64.	Shivya Puri
65.	Simran Singh
66.	Swati Kaithwas
67.	Umme Kulsum
68.	Varsha Bharti
69.	Varsha Rani Patel

Prof. Naveen K. Arora
प्रो० नवीन कुमार अरोड़ा
Nodal Officer, UBA 2.0
नोडल अधिकारी, यू०बी०ए० 2.0
BBA University, Lucknow
बी०बी०ए० विश्वविद्यालय, लखनऊ